**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 16.09.2026 समय : 1905

<><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर कल से राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ होगा।
2. देशभर में कल से शुरू होगा स्वच्छता ही सेवा 2026 का राष्ट्रव्यापी अभियान, स्वच्छता से समृद्धि और वेस्ट–टू–वेल्थ पर रहेगा विशेष जोर।
3. अंडमान–निकोबार कमान के रजत जयंती समारोह के तहत आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांच अपने चरम पर, बाईस सितंबर को होगा फाइनल मुकाबला।
4. भारतीय तटरक्षक बल की पहल पर अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस पर कार्बाइन्स कोव तट पर सफाई अभियान होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने और जन सेवा से देश सेवा के संकल्प के तहत, आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसकी विधिवत शुरुआत कल से होगी। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि पार्टी में पहले देश, फिर पार्टी और फिर व्यक्ति का सिद्धांत सर्वोपरि है तथा पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से देश भर में करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। इसी कड़ी में, इस एक माह के विशेष अभियान के तहत कल प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर रामकृष्ण मिशन में एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी रघुकुल कुलकर्णी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, इस पूरे पखवाड़े के दौरान ''आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम,'' ''मेरे सपनों का भारत छात्र प्रतियोगिताएं,'' ''सेवा ज्योति यात्रा,'' ''नुक्कड़ नाटक,'' ''आंगन मिलन'' और ''सेवा की कहानी'' जैसे विभिन्न जनहित एवं सेवा कार्यक्रम देश और इस प्रदेश में प्रसारित व आयोजित किए जाएंगे, जिससे विकसित भारत 2047 के विजन को जन–जन तक पहुँचाया जा सके; इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नागरिकों और मीडिया कर्मियों से इन कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान कल से देशभर में शुरू होगा। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के लिए चिन्हित स्थलों और अधिक आवाजाही वाले सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा सर्कुलर इकोनॉमी और वेस्ट–टू–वेल्थ पहल के जरिए 'स्वच्छता से समृद्धि' को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस वर्ष अभियान का विषय है– 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत'। यह विषय स्वच्छ और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सामूहिक भागीदारी और साझा जिम्मेदारी के महत्व को दर्शाता है।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़े की शुरुआत हुई। इस मौके पर कार्यालयी हिंदी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. पूजा ने संविधान में हिंदी से जुड़े नियमों की जानकारी दी और कार्यालय के कामकाज में सरल हिंदी अपनाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार दास ने हिंदी को संवाद का सबसे मजबूत माध्यम बताया। वहीं, संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने कहा कि हिंदी का प्रयोग सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि कामकाज को आसान और जनता के करीब लाने का माध्यम है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे कृषि से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारियां और लेख सरल हिंदी में प्रकाशित करें, ताकि किसानों और आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके।

<><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंतर्गत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रति माह कर दिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आज मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से इक्यावन लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफओ कवरेज के दायरे में आ जाएंगे। इससे श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा काफी बढ़ जाएगा। सरकार का वार्षिक व्यय लगभग 11 हजार तीन सो उनतालीस करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार कमान के रजत जयंती समारोह के तहत एक रोमांचक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसका फाइनल मुकाबला आगामी बाईस सितंबर को दोपहर तीन बजे ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन के फुटबॉल मैदान पर खेला जाएगा। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वाइस एडमिरल विनीत मैककार्टी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><>

समुद्री पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की ओर से 19 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस मनाया जाएगा। यह विशेष अभियान पूरे द्वीप समूह के विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। मुख्य सफाई कार्यक्रम सुबह साढ़े पांच बजे कार्बाइन्स कोव तट पर शुरू होगा। इस महा–अभियान में स्कूली छात्र, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे।

<><><><><><>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा कार्यकर्ताओं के लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बढ़े हुए मासिक मानदेय और बकाया एरियर वितरण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कल सुबह ग्यारह बजे आपदा प्रबंधन के सम्मेलन कक्ष में होगा। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगी।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज विद्यार्थियों के लिए प्रादेशिक सेना यानी टेरिटोरियल आर्मी में करियर के अवसरों पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे एक सौ चौवन इन्फैन्ट्री बटालियन बिहार ने आयोजित किया, जिसमें विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन कुमार सिन्हा ने सेना में देश सेवा की भूमिका, जवानों की भर्ती और अफसर बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम का सफल समन्वय लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार साहू ने किया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सभागार में आज महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े कानूनों और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य माहौल बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिला परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और कानून से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा की।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र दो सौ रुपये के विलंब शुल्क के साथ तीस सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। जो विद्यार्थी नियमित रूप से यूजी या पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं, वे भी इग्नू की दोहरी डिग्री योजना का लाभ उठा सकते हैं। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। नए प्रवेश के लिए आधिकारिक वेबसाइट और पुनः पंजीकरण के लिए इग्नू समर्थ पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। किसी शिक्षार्थी को ऑनलाइन प्रवेश या पुनः पंजीकरण फॉर्म भरने में कोई कठिनाई आती है, तो वे इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, श्री विजयपुरम से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>